Regarding Har Ghar Jal Mission

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से आज भारत सरकार की एक अत्यंत महत्वाकांक्षी ?हर घर जल योजना? के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं।

मान्यवर, यह एक ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसकी आस में गांव के अंतिम छोर पर बैठा व्यक्ति टकटकी लगाए देख रहा है, लेकिन मेरे लोक सभा क्षेत्र प्रतापगढ़ में ?हर घर जल? योजना के कार्य करने वाली एजेंसियां मनमाने तरीके से गुणवत्ता विपरीत कार्य करके धन का अपव्यय कर रही हैं। इस तरह समय से परियोजना पूरी न होने से संशय प्रतीत होता है, वहीं दूसरी ओर प्रधान मंत्री सड़क निर्माण योजना से लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग तथा गांव की सड़कों के किनारे कार्य लेने वाली एजेंसियों ने सबलेट पर स्थानीय लोगों को काम दे दिया है। उन्होंने स्वयं भी सबलेट पर दूसरे लोगों को काम देकर कार्यों की गुणवत्ता को दरकिनार करते हुए बनी हुई सड़कों के किनारे, गांवों के इंटरलॉकिंग सड़कों व खड़ंजों को पूरी तरह से काट-काट कर ध्वस्त कर दिया है। ? (व्यवधान)

माननीय सभापति : कृपया एक मिनट में अपनी बात समाप्त करें। अगले वक्ता का नाम मैं बोल दूंगा।

अत: मैं आपके माध्यम से माननीय जल शक्ति मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि जो सड़कें ग्रामीण क्षेत्रों में टूट गई हैं, उसके लिए जिम्मेदार ऐसी कार्यदायी संस्थाओं के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाए।